# एक माह में 126 मवेशियों को पकड़कर भिजवाया गौशाला

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 1 अगस्त. नगरपालिका ने आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान शुरू कर दिया है। पिछले एक माह में नगरपालिका ने एक सैकड़ा से अधिक आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा है।**

**आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान शुरू**

**10 पशु मालिकों पर लगाया दस हजार का जुर्माना**

साथ ही पशु पालकों पर जुर्माने की कार्रवाही भी की है। दरअसल शहर में आवारा मवेशियों की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। हर सडक पर मवेशियों का झुंड सडक घेरकर खड़े रहता था। इससे सड़क पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय उठानी पड़ती थी, जब मवेशी सड़क पर बैठे रहते है और वाहन चालक इन मवेशियों से टकरा जाते है। इससे वाहन चालक और मवेशी दोनों घायल होते थे। ऐसे में आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर लोगों में नाराजगी बनी हुई थी। विगत दिनों अध्यक्ष पशुपालन एवं डेयरी विभाग भारत सरकार तथा सदस्य एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया राम के रघुवंशी, जब जिले के दौरे पर आए थे, तो उन्होंने भी निराश्रित गौवंशों को नगरीय निकायों के माध्यम से गौशालाओं में शिफ्ट करने के लिए कहा था।

**नपा ने कहा, पशु मालिक पशुओं को सड़कों पर न छोड़े :** नगरपालिका ने पशु मालिको से



अपने पालतु पशुओं को बांधकर रखने का आग्रह किया है। कहा कि पशु मालिक अपने पशुओं को सड़क पर आवारा ना छोड़े, इससे आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होती है। वहीं लोगों के साथ-साथ पशुधन को भी हानि पहुंचती है। यातायात व्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है। दुर्घटनाएं होती है और आमजनों के साथ-साथ पशु मालिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नपा ने कहा कि सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जा रहा है। इसके साथ ही पशु मालिकों पर जुर्माने की कार्रवाही भी की जा रही है। इसके साथ ही पशु मालिकों को हिदायत भी दी जा रही है कि वे अपने पशुओं को सड़कों पर खुला न छोड़े। पशुओं के सड़कों पर विचरण करने या खड़े रहने के कारण यातायात प्रभावित होता है। इसके साथ ही लोगों और पशुओं के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। कई बार पशु सब्जियों की दुकानों पर मुंह मारते है। जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ता है। इसे देखते हुए पशुओं को खुला न छोने का आगह भी किया जा रहा है।

> नगरपालिका द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान लगातार चलाया जा रहा है। 25 जून से अब तक करीब 126 आवारा मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा है। इसके अलावा 10 पशु मालिकों से 10 हजार का जुर्माना वसूला है।
>
> **-ब्रजगोपाल परते,** वरिष्ठ राजस्व निरीक्षण, नपा बैतूल

## स्वार्थ साधने के बाद छोड़ देते हैं पशु मालिक

शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों की अत्यधिक संख्या के पीछे जानकार एक कारण यह भी बताते है कि पशु पालक जब तक पशु दुधारू रहते है, उन की देखरेख करते है और जब पशु दूध देना बंद कर देते है तो उन्हें खुला छोड़ देते है। जिससे यह पशु सड़कों पर अपना डेरा जमा लेते है। इसके अलावा अभी खेतों में खरीफ फसल लगी हुई है। पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान न पहुंचाये, इसे लेकर खेत मालिक पशुओं को भगा देते है। जिससे यह पशु विचरण करते हुए शहरों की तरफ रूख कर रहे है। इस वजह से भी सड़कों पर आवारा मवेशियों की उपस्थित बढ़ गई है।

## 126 मवेशियों को भिजवाया गौशाला, 10 पर जुर्माना

नगरपालिका ने 25 जून से आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान शुरू किया है और करीब एक माह में 125 गौवंश को पकड़कर गौशाला भिजवाया है। इसके अलावा 10 पशु पालकों पर जुर्माने की कार्रवाही कर 10 हजार रूपये वसूला है। यह कार्रवाही नगरपालिका ने चौक-चौराहों, बाजार और मुख्य सड़क पर की है, जहां दिन-रात आवारा मवेशी झुंड बनाकर खड़े रहते थे। बताया जा रहा है कि इस अभियान के दौरान मवेशियों को पकड़कर नगरपालिका की कढ़ाई स्थित गौशाला में रखा जा रहा है। बता दे कि सड़क पर आवारा मवेशियों के कारण स्थिति ऐसी हो जाती है कि सडक पर जाम तक लग जाता था।

## एक नजर में

### एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम आयोजित

**शाहपुर।** नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शाहपुर विकासखंड के ग्राम रायपुर में आयोजित हुआ, जिसमें पौधा भेंटकर पौधों के संरक्षण और पोषण की शपथ दिलाइ गई। इस अवसर पर मीनाक्षी शुक्ला, कमल किशोर परसाई, रायपुर सरपंच सुरेश कुमार टेकाम, संतोष राजपूत, डॉ. शांति रंजन सिकदर, संतोष मालवीय, आरती ठाकुर, शीतल परसाई, शोभा, आशा, मोनिका, राजकुमारी, सरिता, मंजुलता, चंद्रकला, रक्षा, रीना उपस्थित रही।

### केंद्रीय राज्य मंत्री दो दिवसीय बैतूल प्रवास पर

**बैतूल।** केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके 2 अगस्त से दो दिवसीय दौरे पर बैतूल जिले में रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वे 2 अगस्त को प्रात: 10 बजे बैतूल बाजार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत वे जिले में आयोजित अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। दूसरे दिन 3 अगस्त को भी केंद्रीय मंत्री श्री उइके विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री उइके 4 अगस्त को बैतूल से नागपुर के लिए रवाना होगे।

### सेवानिवृत्त शिक्षिका का विदाई समारोह आयोजित

**बैतूल।** शिक्षक का गरिमापूर्ण कार्य, समाज पर जिसका उपकार है। शिक्षक जग में ज्ञान का सदा संचार करता है। शिक्षक बच्चों का दर्पण होता है। ग्राम कुम्हारटेक के ग्राम वासियों ने सेवानिवृत्ति पर प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती जगवंता मर्सकोले को भावभीनी बिदाई दी गई। श्रीमती जगवंता मर्सकोले शिक्षिका ने प्राथमिक शाला कुम्हारटेक में प्रथम नियुक्ति से एक ही स्थान पर रह कर 27 वर्ष तक ग्राम कुम्हारटेक में शैक्षणिक कार्य किया। ग्रामवासी कुम्हारटेक उनके शैक्षणिक कार्य और छात्र हित में किए गए अभूतपूर्व सराहनीय कार्य से अभिभूत थे। जैसे ही ग्रामवासियों को पता चला की शिक्षिका श्रीमती जगवंता मर्सकोले सेवानिवृत्ति होने जा रही है तो ग्रामवासियों कुम्हारटेक ने उनके सेवानिवृत्त होने के अवसर पर शाला प्रागंण में सुन्दरकाण्ड का पाठ कर भव्य बिदाई समारोह आयोजित किया।

# भैंसदेही में आदिवासी समुदाय का जोरदार धरना प्रदर्शन

**भैंसदेही।** भैंसदेही क्षेत्र में एक आदिवासी युवक संदीप चिल्हाटे के साथ शराब ठेकेदार के कर्मचारियों और पुलिस द्वारा मारपीट और जातिसूचक गालियां देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना के विरोध में शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों ने भैंसदेही मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन को चेताया कि यदि उचित न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन और तेज होगा। आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि मारपीट



करने वाले उपनिरीक्षक नितिन उईके को सिर्फ लाइन अटैच करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निलंबित किया जाना चाहिए। साथ ही, शराब ठेकेदार के कर्मचारियों पर आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर, ठेकेदार को भी आरोपी बनाया जाए। इस प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने भैंसदेही में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। व्रज वाहन सहित आसपास के आठ थानों का पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया था। गंज, भैंसदेही, चौपना, आठनेर, मोहदा, चिचोली, शाहपुर और बैतूल कोतवाली से बल बुलाया गया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती और निगरानी रही। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक नितिन उईके को लाइन अटैच किया और शराब ठेकेदार के कर्मचारी शिव इंगले, करण उईके और संजय कुमरे के विरुद्ध भी कार्यवाही की। हालांकि, आदिवासी समाज इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। आदिवासी संगठनों ने चेताया कि यदि दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आदिवासी समाज जिलेभर में प्रदर्शन करेगा। प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों से संवाद किया।

# सड़कों का पेंचवर्क शुरू, लोगों को मिलेगी सुविधा

**आमला। नगर के मुख्य सड़क पर पेंच वर्क का कार्य हुआ।नगर की जनपद चौक से लेकर पीर मंजिल की सड़क पर कई जगह गड्ढे और पानी का जमाव होने लगा था।**

**वाहन चालकों को मिलेगी अच्छे आवागमन की सुविधा**

**लोगों ने अधिकारियों को प्रेषित किया धन्यवाद**

जिसको लेकर नगर के जागरूक लोगों ने इस समस्या के लिए आवाज उठाई थी,इस के कारण बाजार के दिनों में इन गड्ढों



में भरे पानी लोगो एवं स्कूली छात्र - छात्राओं पर गंदा पानी उछलना और वाहन चालकों को वाहन चलाने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को अनुविभागीय अधिकारी शैलेंद्र बड़ोनिया के समक्ष लोगो ने रखा, जिसके बाद संबंधित विभाग पीडब्ल्यूडी को तत्काल आदेशित कर इस समस्या से लोगों को निजात दिलाई गई। इस कार्य के बाद नगर के युवा निलेश राठौर,गन्नू ठाकुर,भोलू वरवड़े,गजराज सिसोदिया, गब्बर राठौर सभी ने अधिकारी की प्रशंसा कर धन्यवाद प्रेषित किया।

# आरडी स्कूल के शिक्षक ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

**बैतूल।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान आर.डी. पब्लिक स्कूल बैतूल में स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती ऋतु खण्डेलवाल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ ही समग्र विकास के लिए खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रहीं है। परिणामस्वरूप आर.डी.पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी देश के ख्यातिनाम तकनीकि, मेडीकल सहित अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेशित होने के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ठ सफलता हासिल कर रहे है। शिक्षा और खेल के क्षेत्र में आर.डी.पब्लिक स्कूल की उत्कृष्ठता के चलते यहां के शिक्षक भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर स्कूल और जिले का नाम रौशन कर रहे है। राजस्थान के झालावाडा में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में आर.डी. पब्लिक स्कूल बैतूल के विज्ञान शिक्षक और वेटलिफ्टर कौशिक मेहरा ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर सफलता का परचम लहराया। पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक सफलता हासिल करने वाले वेटलिफ्टर कौशिक मेहरा आर.डी.पब्लिक स्कूल बैतूल में विज्ञान के शिक्षक है।

# युवा संगम के तहत रोजगार मेला 13 अगस्त को

**बैतूल। जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई व जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 13 अगस्त को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर में आयोजित किया जाएगा।**

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रात: 11 बजे से आयोजित रोजगार मेले में 9 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से रोजगार मेले में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड पुणे में उत्पादन एवं गुणवत्ता के 80 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है। कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में मशीन ऑपरेटर, मैकेनिक हेल्पर के 100 पदों, यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों, वर्धमान फैब्रिक प्राइवेट लिमिटेड बुधनी में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों के लिए योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों, आरएफएमआई ग्रुप भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव, फील्ड मैनेजर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं स्नातक होना अनिवार्य है। इसी तरह क्रेस कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड पुणे में मशीन ऑपरेटर के 50 पदों के लिए योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई, डिप्लोमा तथा पीएनजी प्राइवेट लिमिटेड मंडीदीप में मशीन ऑपरेटर के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना अनिवार्य है। शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक हेल्पर के 25 पदों के लिए योग्यता आठवीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा होना अनिवार्य है।

# न्यायाधीशों ने पंचज अभियान के तहत किया पौधारोपण

**मुलताई।** तहसील विधिक सेवा समिति व्यवहार न्यायालय मुलताई के वेनर तले शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग परिसर में पंच-ज अभियान के तहत न्यायाधीशो द्वारा पौधरोपण किया गया। यह अभियान पर्यावरण, जल, जंगल, जानवर और जीवन के संरक्षण के लिए चलाया जा रहा है।पौधरोपण में प्रथम जिला न्यायाधीश संदीप पाटिल, अपर जिला न्यायाधीश संजय भलावी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अभिजीत वास्कले, श्वेता गौतम, सरिता डाबर और देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। न्यायाधीश संदीप पाटिल ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है। उन्हें संरक्षित करना और देखभाल करना भी हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में न्यायाधीशो ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। अपर जिला न्यायाधीश संजय भलावी ने कहा कि यह अभियान एक दिन का नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है जिसे सभी को अपनाना चाहिए।न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिजीत वास्कले, श्वेता गौतम और अन्य अधिकारियों ने भी पौधे लगाए।

# 10 ग्रामों के 500 कृषकों की होगी भूमि सिंचित

**भैंसदेही।** भोपाल प्रवास के दौरान क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री जल संसाधन विभाग तुलसी सिलावट जी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने विकासखण्ड भैंसदेही के ग्राम बालनेर मध्यम उद्वहन सिंचाई परियोजना के विषय में चर्चा की और कालापानी नदी पर शासन द्वारा लंबित इस योजना की जल्द से जल्द स्वीकृति हेतु ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह चौहान की पहल से इस योजना को जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इससे 10 ग्रामों के लगभग 500 कृषकों की भूमि सिंचित होगी और



उनकी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। इस योजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के किसानों को बहुत लाभ होगा। वे अपनी फसलों की सिंचाई के लिए अब बारिश पर निर्भर नहीं रहेंगे और उनकी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। इससे उनकी आय में भी वृद्धि होगी और वे अपने परिवार का बेहतर तरीके से पालन-पोषण कर सकेंगे। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह चौहान ने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। उन्होंने इस योजना को जल्द से जल्द स्वीकृत कराने के लिए कैबिनेट मंत्री जल संसाधन विभाग से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह चौहान की पहल से इस योजना को जल्द ही स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इससे क्षेत्र के किसानों को बहुत लाभ होगा और उनकी फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। क्षेत्रीय विधायक की प्रतिबद्धता से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और किसानों के चेहरे पर खुशी आएगी।

# अपात्रों को बांटा जा रहा बीपीएल का लाभ, गरीब वंचित

**सारनी। नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में गरीबी रेखा ( बीपीएल ) राशन कार्डों के आवंटन को लेकर गंभीर अनियमितताओं की परतें खुलती जा रही हैं।**

**फर्जी बीपीएल कार्ड निरस्त करने की मांग**

**आरोप, फर्जी गरीब उठा रहे योजनाओं का लाभ**

ऐसी सूचनाएं सामने आई हैं कि क्षेत्र के लगभग 40 प्रतिशत बीपीएल कार्डधारी वास्तविक पात्रता से कोसों दूर हैं, जबकि अनेक गरीब और जरूरतमंद परिवार योजनाओं से वंचित रह गए हैं। बताया जा रहा है कि हजारों रुपए की अवैध वसूली कर आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को गरीब घोषित कर राशन कार्ड बना दिये गये। जबकि वास्तव में जो लोग दिहाड़ी मजदूरी कर या मामूली आय में जीवन-यापन कर रहे हैं, वे आज भी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। इन फर्जी कार्डधारकों को न केवल सस्ता अनाज, बल्कि अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। वहीं वास्तविक जरूरतमंद परिवार अपनी पात्रता के बावजूद हर दरवाज़े से खाली हाथ लौट रहे हैं। यह स्थिति सामाजिक न्याय और प्रशासन की पारदर्शिता पर गहरे सवाल खड़े करती है। इस मामले को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने जिला कलेक्टर से तत्काल जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यह मामला केवल फर्जीवाड़े का नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकारों की खुली लूट और शासन की योजनाओं के साथ छल है। अगर समय रहते इस गम्भीर अनियमितता की निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो न केवल शासन की योजनाओं की साख प्रभावित होगी, बल्कि वास्तविक पात्र जनसमूह का शासन से विश्वास भी डगमगा जाएगा। जनता की मांग है कि दोषियों को चिन्हित कर न केवल उनके राशन कार्ड निरस्त किए जाएं।

> आपके द्वारा दी गई जानकारी मिलते हैं जांच दल कार्य शहर भर में कर रहा है प्रमुखता से कार्रवाई की जाएगी जल्द ही पूर्ण कार्रवाई कर अपात्र कार्ड धारी के नाम गरीबी रेखा राशन कार्ड से निरस्त किए जाएंगे।
>
> **- सीके मेश्राम,** सीएमओ, नगरपालिका सारनी

**कार्यक्रम** | **विश्व स्तनपान सप्ताह का किया शुभारंभ**

# माताएं पौष्टिक आहार करें, ताकि मां और बच्चे स्वस्थ रह सकें : हुरमाड़े

**बैतूल। जिला चिकित्सालय बैतूल के नवीन एमसीएच भवन में गुरूवार को स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत गौला सरपंच गजानंद गावंडे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े द्वारा किया गया।**

**7 अगस्त तक मनाया जा रहा स्तनपान सप्ताह**

**कार्यक्रम में मौजूद रहीं माताएं**

इस अवसर पर सरपंच गजानंद गावंडे ने कहा कि विश्व स्तनपान दिवस एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। उन्होंने प्रसूता माताओं




को समझाइश दी कि वे शिशु को स्तनपान अवश्य करावें, स्तनपान से बच्चे शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं बलवान होंगे। साथ ही उन्होंने माताओं को पौष्टिक आहार सेवन करने की सलाह दी ताकि मॉ और बच्चे स्वस्थ रह सकें। सीएमएचओ डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि प्रति वर्ष 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है, इस वर्ष की थीम स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश है, इसका मुख्य उद्देश्य माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना है, विशेष रूप से स्तनपान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को घटाना है। मॉ का दूध शिशु का प्रथम टीका होता है। मां का कर्तव्य है कि जितनी जल्दी हो सके शिशु को एक घण्टे के अंदर स्तनपान कराए, यह अमृत तुल्य है, यह कई बीमारियों से सुरक्षा करता है, बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, रोगों से लडने की क्षमता प्रदान करता है, मॉ के दूध में इनती शक्ति होती है कि दुनिया में कोई टानिक ऐसा नहीं बना जो मॉ के दूध से अच्छा हो। छ: माह तक शिशु को स्तनपान ही करवायें इसके अलावा कोई भी ऊपरी आहार न देवें, माताऐं बच्चों को दो वर्ष तक स्तनपान करवा सकती हैं। उन्होंने उपस्थित नर्सिंग ऑफीसर को प्रसूता माताओं को स्तनपान कराने की लगातार काउसंलिंग करने हेतु एवं आशा कार्यकर्ताओं को प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात लगातार माताओं को समझाइश देने हेतु कहा। डॉ हुरमाडे ने उपस्थित प्रसूताओं को दो बच्चों में अंतर रखने एवं दो बच्चों के बाद परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृण करने हेतु समझाइश दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा जन्म के तुरंत बाद स्तनपान कराने हेतु प्रसूता माताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये, साथ ही पीएनसी वार्ड में भर्ती प्रसूताओं को भी महिला चिकित्सक एवं नर्सिंग ऑफीसर द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

# ओंकारेश्वर पद यात्रियों का किया भव्य स्वागत

**भैंसदेही। ओम्कारेश्वर पद यात्रा के लिए भक्तों का एक जत्था निकला है, जिसका नेतृत्व प्रख्यात महाराज एवं मुख्य पुजारी सकल महाराज कर रहे हैं।**

इस यात्रा में मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के भक्तगण सम्मिलित हुए हैं। यह यात्रा लगभग 8 वर्षों से प्रारंभ है और इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम में बढ़ रही बीमारी की रोकथाम हेतु भगवान भोलेनाथ की आस्था को लेकर की जा रही है। महाराष्ट्र के नंदकिशोर ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य ग्राम के लोगों को स्वस्थ और सुखी जीवन प्रदान करना है। इस यात्रा में लगभग 250 भक्तगण सम्मिलित हैं, जिसमें बच्चे, बूढ़े और युवा सभी शामिल हैं। यात्रा के दौरान भक्तगण हर हर महादेव और %जय



श्रीराम% के जयघोष के साथ चलते हैं। ग्राम सवालमेंढ़ा संकट मोचन हनुमान मंदिर में ग्रामीणों द्वारा भक्तों की अल्पाहार की व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों ने भक्तों का स्वागत किया और उनकी सुविधा के लिए व्यवस्था की है। मुख्य पुजारी पिंटू महाराज की मुख्य भूमिका है, जो यात्रा के दौरान भक्तों का मार्गदर्शन करते हैं। उनके नेतृत्व में भक्तगण यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करते हैं। ओम्कारेश्वर पद यात्रा एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें भक्तगण भगवान भोलेनाथ की आस्था को लेकर चलते हैं। इस यात्रा का उद्देश्य ग्राम में बढ़ रही बीमारी की रोकथाम हेतु भगवान भोलेनाथ की आस्था को लेकर की जा रही है। ग्रामीणों ने भक्तों का स्वागत किया और उनकी सुविधा के लिए व्यवस्था की है।